आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

नाथपा बांध

शिमला जिला के रामपुर स्थित नाथपा झाकड़ी बांध के रेडियल गेटों के रखरखाव के चलते आज सुबह 11 बजे से बांध का अतिरिक्त पानी नदी में छोड़ा जाएगा। लगभग 170 क्यूसिक पानी छोड़े जाने से नदी का जल स्तर अचानक बढ़ने की संभावना है जिसे देखते हुए प्रशासन ने रामपुर बुशहर व आसपास के क्षेत्रों में रहने लोगों से नदी से दूर रहने की अपील है।

मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 20 और 21 दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में कुछ स्थानों पर वर्षा और बर्फबारी के आसार बन रहे हैं जिससे प्रदेश पहुंचने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को प्रदेश के पर्यटन स्थलों में इस वर्ष व्हाइट क्रिसमस की उम्मीदें बढ़ गई है। विभाग के अनुसार एक हल्का पश्चिमी विक्षोभ आज रात से हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है जिससे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज और कल हल्की बर्फबारी हो सकती है। प्रदेश में पिछले 3 महीनों से बारिश न होने के कारण अब फसलों के साथ–साथ फलों के पौधों में भी सूखे की मार देखने को मिल रही है। उद्यान विभाग शिमला के उप निदेशक सुदर्शन नेगी ने बागवानों को पौधों की सिंचाई करने और नए पौधे वर्षा होने पर ही लगाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि इस महीने बागीचों में पौधों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के फास्फोरस और पोटाश खाद डाली जाती है जिसके लिए नमी होना बेहद जरूरी है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज बिलासपुर जिला के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में लगभग 69 करोड़ रूपये के विभिन्न विकासात्मक कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री यहां 6 करोड़ रूपए से अधिक की लागत से बनने वाले बहुउद्देशीय खेल परिसर की आधारशिला रखेंगे। वे घुमारवीं शहर में करीब 5 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित पुलिस थाने का उद्घाटन और 6 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होने वाले पुलिस फैमिली क्वाटर की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद सीर खड्ड में निर्मित वर्षा जल संग्रहण कार्य (चेक डैम) का उद्घाटन करेंगे। इस बीच मुख्यमंत्री घुमारवीं में ही अखिल भारतीय पेंशनर दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

हवाई सेवाएं

दिल्ली–कुल्लू हवाई रूट पर एलायंस एयरलाइन ने आगामी एक महीने तक का शेड्यूल जारी कर दिया है जिसके चलते क्रिसमस और नए साल के जश्न के लिए कुल्लू–मनाली घूमने आने वाले पर्यटकों की संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है।

टनल

राजधानी शिमला में बीते दिनों भटटाकुफर में अचानक सड़क धंसने के मामले में भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण टीम ने अपनी रिपोर्ट उपायुक्त शिमला को सौंप दी है। रिपोर्ट में घटना के लिए पानी की पाइप का रिसाव प्रमुख कारण बताया गया है। जिला प्रशासन ने इस घटना के बाद से यहां फोर लेन निर्माण में बन रही टवीन टनल निर्माण पर रोक लगा रखी है।

उपायुक्त शिमला ने अब जल शक्ति विभाग से अब विस्तृत रिपोर्ट मांगी कि टनल निर्माण प्रभावित क्षेत्र में भूमि के नीचे कहां–कहां पानी के पाइप बिछे हैं ताकि निर्माण कार्य में सतर्कता बरती जा सके।

बिजली महादेव

कुल्लू जिला के प्रसिद्ध बिजली महादेव मंदिर के कपाट तीन महीनों के लिए बंद हो गए हैं। अधिकारिक तौर पर 15 मार्च को देवता के मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे जबकि शिवरात्रि के पर्व के दौरान दो दिनों के लिए मंदिर के कपाट खुलेंगे जब श्रद्धालु महादेव के दर्शन कर पाएंगे। मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष फतेह सिंह राणा ने बताया कि यह मान्यता है कि पोष मास की संक्रांति के बाद हर साल बिजली महादेव तीन महीने के स्वर्ग प्रवास पर चले जाते हैं। इसलिए सर्दियों में तीन महीनों के लिए मंदिर बंद रहता है।